>

Title: Need to expedite construction of railway line from Kapilvastu to Basti in Uttar Pradesh.

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** भारत सरकार के रेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जनपद में तथागत गौतम बुद्ध की जन्मस्थली कपिलवस्तु (पिपरहवा) से बस्ती जनपद के रेलवे स्टेशन तक नई रेल लाइन के सर्वेक्षण करने का निर्णय लिया था। सर्वेक्षण का कार्य पूरा हो चुका है। जिसका प्रस्ताव उत्तर-पूर्व रेलवे से मंत्रालय को प्राप्त हो चुका है। उल्लेखनीय है कि रेल मंत्रालय के 2010-2011 के बजट में तत्कालीन रेल मंत्री ने बारहवीं पंचवर्षीय योजना में भगवान गौतम बुद्ध की उक्त जन्मस्थली से नौगढ़, बांसी, रूधौली होते हुए बस्ती तक रेल निर्माण को शामिल किए जाने की स्वीकृति की घोषणा की है। उक्त रेल लाइन के निर्माण से पूरी दुनिया के तथागत बौद्ध के लाखों अनुयायियों को आवागमन की सुविधा प्रदान होगी। इससे पूरी दुनिया के बौद्ध धर्म के मानने वालों को रेल सुविधा मिल जाएगी एवं दिल्ली, मुम्बई, कोलकाता एवं चैन्नई से आने वाले बौद्ध पर्यअकों को आसानी होगी। फलस्वरूप बौद्धसर्किअ स्थल के सुनियाजित विकास में गति आएगी। अतः मैं रेल मंत्री के सदन में दिए गए आश्वासन के सापेक्ष रेल मंत्रालय द्वारा उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थ नगर के कपिलवस्तु से बस्ती जनपद को रेल लाइन से जोड़ने के लिए रेल निर्माण को प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भ करने की मांग करता हूं।